4th class Hindi Bodh Ch 4 Ques.Ans

मौखिक

1 प्रश्नों के उत्तर लिखो __

क) जीवन का आधार किसको कहा गया है ?

उत्तर- जीवन का आधार मां को कहा गया है ।

ख) माँ दुनिया से किसकी खातिर लड़ती है ?

उत्तर- माँ बच्चों को खुश रखने के लिए दुनिया से लड़ती है ।

ग) हमें सभी प्रकार का ज्ञान कौन देता है ?

उत्तर- हमें सभी प्रकार का ज्ञान माँ देती है ।

घ) माँ की प्रतिमा किस मिट्टी पर गढ़ी गई है ?

उत्तर- माँ की प्रतिमा श्रद्धा की मिट्टी से गढ़ी गई है ।

लिखित

2)प्रश्नों के उत्तर लिखो __

क) माँ को जीवन का आधार क्यों कहा गया है ?

उत्तर- माँ को जीवन का आधार इसलिए कहा गया है क्योंकि माँ बच्चे को पालती पोसती है तथा उसकी उसकी हर परेशानी को दूर करती है ।

ख) मां बच्चों की हर कठिनाई को कैसे दूर करती है ?

उत्तर- माँ बच्चों की हर कठिनाई को चुटकी में यानी सरलता से दूर करती है ।

ग)' माँ बच्चों की पहली शिक्षिका है ' - कविता के आधार पर संक्षेप में अपने विचार लिखो ।

उत्तर-माँ बच्चों की पहली शिक्षिका होती है क्योंकि वही उसे सही गलत और सत्य असत्य का ज्ञान करवाती है ।

ङ) बालिका हर कदम पर कैसे जीतेगी ?

उत्तर- माँ के आशीर्वाद से बालिका हर कदम पर जीतेगी ।